# झारखण्ड विधान सभा
## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा | त्रयोदश(मॉनसून)सत्र

संख्या-01 | सोमवार, दिनांक-16 जुलाई, 2018 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.47 बजे पूर्वा० तक ।

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

**1.प्रारंभिक वक्तव्य:-**

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के त्रयोदश (मॉनसून) सत्र में आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए क्रमश: गोमिया विधान सभा तथा सिल्ली विधान सभा क्षेत्र में हुए उप-चुनाव में निर्वाचित माननीय सदस्या, श्रीमती बबीता देवी एवं श्रीमती सीमा देवी का भी अभिनन्दन किया गया। आसन द्वारा सदन की गरिमा एवं महत्ता की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आग्रह किया गया कि सभी माननीय सदस्यों को अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का नैसर्गिक अधिकार है और आसन उनके अधिकारों का हनन होने नहीं देना चाहता है, अतएव सभी माननीय सदस्य अपने-अपने कर्तव्यों का यदि पालन करते हैं, तो उनके अधिकारों की रक्षा स्वत: हो जायेगी। विगत दिनों सदन में उत्पन्न गतिरोधों पर आसन द्वारा चिन्ता व्यक्त करते हुए अपनी भावना व्यक्त की गयी कि इससे राज्य के विकास में बाधक तत्वों को राहत मिलती है। आज समितियों का महत्त्व कम हुए हैं, इसपर भी आसन ने चिन्ता व्यक्त की। अंतत: आसन द्वारा आहूत सत्र सुचारू रूप से चलने और सभी माननीय सदस्यों के सहयोग की अपेक्षा की गयी।

**2.सभापति का मनोनयन:-**

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-10 (1) के अधीन निम्नांकित माननीय सदस्यों को चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा में त्रयोदश (मॉनसून) सत्र के लिए सभापति के रूप में मनोनीत करने की घोषणा आसन द्वारा की गयी-

| | |
|---|---|
| श्री स्टीफेन मराण्डी, | स० वि० स० |
| श्री अशोक कुमार, | स० वि० स० |
| श्री फूलचन्द मण्डल, | स० वि० स० |
| श्री आलमगीर आलम, | स० वि० स० |
| श्रीमती गीता कोड़ा, | स० वि० स०। |

**3.समिति का गठन:-**

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-224 (1) के अधीन चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के त्रयोदश (मॉनसून) सत्र के लिए कार्यमंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार से किये जाने की घोषणा आसन द्वारा की गयी-

क्र०पृ०उ०

| | | |
|---|---|---|
| श्री दिनेश उरांव | अध्यक्ष | सभापति, |
| श्री रघुवर दास | मुख्यमंत्री | सदस्य, |
| श्री हेमन्त सोरेन | नेता, प्रतिपक्ष | सदस्य, |
| श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा | संसदीय कार्य मंत्री | सदस्य, |
| श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी | मंत्री | सदस्य, |
| श्री आलमगीर आलम | स० वि० स० | सदस्य, |
| श्री प्रदीप यादव | स० वि० स० | सदस्य। |

## विशेष आमंत्रित सदस्य

| | |
|---|---|
| श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह | मंत्री, |
| श्री सरयू राय, | मंत्री, |
| श्री राधाकृष्ण किशोर | मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल, |
| श्री नलिन सोरेन | मुख्य सचेतक, प्रतिपक्ष, |
| श्री स्टीफेन मराण्डी | स० वि० स०, |
| श्री सुखदेव भगत | स० वि० स०, |
| श्री रबीन्द्रनाथ महतो | स० वि० स०, |
| श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी | स० वि० स०, |
| श्री बिरंची नारायण | स० वि० स०, |
| श्री अरूप चटर्जी | स० वि० स०, |
| श्रीमती गीता कोड़ा | स० वि० स०, |
| श्री राज कुमार यादव | स० वि० स०, |
| श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता | स० वि० स०, |
| श्री अनंत कुमार ओझा | स० वि० स०। |

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे। सभा की कार्यवाही समाप्त होने के तुरंत बाद उक्त समिति की बैठक आज दिनांक-16.07.2018 को अध्यक्षीय कार्यालय में आहूत होने की सूचना आसन द्वारा समिति के माननीय सदस्यों को देते हुए उनसे उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया।

## 4.औपचारिक कार्यः-

भारतीय संविधान के अनुच्छेद-213 के खण्ड-2(क) के अनुसरण में माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा प्रख्यापित निम्नांकित अध्यादेश की एक प्रति माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री नीकण्ठ सिंह मुण्डा द्वारा सभा पटल पर रखी गयी-

| क्रम संख्या | अध्यादेश का नाम एवं संख्या |
|---|---|
| 1. | झारखण्ड नगरपालिका (संशोधन) अध्यादेश, 2018, (झारखण्ड अध्यादेश संख्या-01/2018) |
| 2. | झारखण्ड अधिवक्ता लिपिक कल्याण निधि अध्यादेश, 2018, (झारखण्ड अध्यादेश संख्या-02/2018) |
| 3. | अनुसूचित जातियों के लिए राज्य आयोग अध्यादेश, 2018 (झारखण्ड अध्यादेश संख्या-03/2018) |
| 4. | झारखण्ड जल, गैस और ड्रेनेज पाईप लाईन (भूमि में उपयोगकर्त्ता के अधिकारों का अर्जन) अध्यादेश, 2018 (झारखण्ड अध्यादेश संख्या-04/2018) |

क्र० पृ०उ०

5. झारखण्ड मोटरवाहन करारोपण (संशोधन) अध्यादेश, 2018

(झारखण्ड अध्यादेश संख्या-05/2018)

6. बिहार राजभाषा (झारखण्ड संशोधन) अध्यादेश, 2018,

(झारखण्ड अध्यादेश संख्या-06/2018)

7. बंगाल आगरा एवं असम व्यवहार न्यायालय (झारखण्ड संशोधन) अध्यादेश, 2018

(झारखण्ड अध्यादेश संख्या-07/2018)

झारखण्ड विधान सभा के विगत सत्रों में उद्भूत एवं सभा द्वारा पारित विधेयकों की विवरणी सभा सचिव द्वारा सभा पटल पर रखी गई जिसपर माननीय राष्ट्रपति महोदय एवं राज्यपाल महोदया ने अपनी अनुमति प्रदान की है और जिसकी सूचना चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के द्वादश (बजट) सत्र की समाप्ति के उपरांत प्राप्त हुई है:-

माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा अनुमत विधेयक की विवरणी-

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार (झारखण्ड संशोधन) विधेयक, 2017 | 12.06.2018 | 07/2018 |

माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा अनुमत विधेयकों की विवरणी-

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | झारखण्ड नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2017 | 17.01.2018 | 01/2018 |
| 2. | झारखण्ड विनियोग (संख्या-01) विधेयक, 2018 | 25.01.2018 | 02/2018 |
| 3. | झारखण्ड मूल्यवर्द्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2017 | 25.01.2018 | 03/2018 |
| 4. | झारखण्ड अनिवार्य विवाह निबंधन, विधेयक, 2017 | 07.02.2018 | 04/2018 |
| 5. | झारखण्ड विनियोग (संख्या-02) विधेयक, 2018 | 12.02.2018 | 05/2018 |
| 6. | झारखण्ड राज्य खेल विश्वविद्यालय विधेयक, 2017 | 21.03.2018 | 06/2018 |

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने भूमि अधिग्रहण बिल को सरकार द्वारा वापस लिये जाने की माँग की गयी जिसपर आसन द्वारा उन्हें सूचित किया गया कि ये विधेयक सूचना मात्र है, यह चर्चा का विषय नहीं है। इस क्रम में शोरगुल होने लगा।)

## 5. आसन से सूचना:-

आसन द्वारा सदन को संसूचित किया गया कि नवनिर्माणाधीन झारखण्ड विधान सभा में आज दिनांक-16.07.2018 को 12.30 बजे अप० में वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिसमें सभी माननीय सदस्य एक-एक पौधा लगाये जाने हेतु उक्त कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

## 6. शोक प्रकाश:-

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के द्वादश सत्र से अब तक की अवधि में हमारे बीच से कई महत्त्वपूर्ण राजनेता, समाजसेवी, वैज्ञानिक, साहित्यकार, कलाकार एवं देश की सेवा करने

क्र० पृ०उ०

वाले सैन्यकर्मी सहित अन्य हादसों में सकूली बच्चों के अतिरिक्त कई लोगों का निधन हो गया। इसमें वयोवृद्ध राजनेता बागुन सुम्ब्रई, मसीह सोरेन, अवधेश कुमार सिंह, एल०पी० शाही, कामेश्वर पासवान, बाल कवि बैरागी, पद्माशा झा, वरिष्ठ कवि केदारनाथ सिंह, प्रसिद्ध वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिन्स, हिन्दी फिल्म जगत् की मशहूर अभिनेत्री श्रीदेवी, न्यायाधीश आर०आर० प्रसाद तथा राजेन्द्र सच्चर एवं झारखण्ड कैडर के वरिष्ठ आई०पी०एस० अधिकरी प्रवीण कुमार प्रमुख हैं।

उक्त मृत आत्माओं के प्रति आसन द्वारा गहरी संवेदना व्यक्त की गयी और ईश्वर से प्रार्थना की गयी कि वे इनकी आत्माओं को शांति प्रदान करें तत्पश्चात् माननीय मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास, माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री हेमन्त सोरेन, माननीय मंत्री, श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी, माननीय सदस्य, श्री आलमगीर आलम, श्री प्रदीप यादव, श्री राजकुमार यादव तथा माननीय सदस्य, श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता द्वारा भी संवेदनायें व्यक्त की गयी। माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने दिनांक–15.07.2018 को हजारीबाग में एक ही परिवार के छः सदस्यों द्वारा आत्महत्या किये जाने तथा माननीय सदस्य, श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने बूढ़ा पहाड़ पर नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान गम्हरिया के शहीद हुए कुन्दन कुमार सिंह के प्रति भी गहरी संवेदनायें व्यक्त की।

इसके उपरांत सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक–17, जुलाई, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गयी ।

रॉंची,
दिनांक- 16, जुलाई, 2018 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।